106 Sale deed No. 735501 — PS. Madhupur 5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच हज़ार रूपये FIVE THOUSAND RUPEES

Feepaid

AC 1480.00
NB 54.00
15 34.00

2810x20
56200/-

2810x26
73060/-

6180
1470
7650

10-1-04

## बिकय पत्र कीमत कुल 57,000/–रूपये मात्र

बिकेता–श्री समर कुमार बसु पिता श्री नन्दकिशोर बसु, जाति हिन्दु, पेशा वकालत, साकिन न0 119 विधान सारनी, कलकत्ता–4 व साकिन परमिसेस न0 582 दक्षिन्दरी रोड, लाहा बागान, कलकत्ता–700048 वजरिये आम मोख्तार श्री अनाथ बन्धु चटर्जी पिता स्वर्गीय गंगाधर चटर्जी, जाति हिन्दु ,पेशा प्राध्यापक, साकिन ''बनश्री'' बावनबीघा मधुपुर, थाना व सवडिविजन मधुपुर, सवरजिष्ट्री व जिला देवघर जो दिनांक 30/4/2002 ईस्वी में निबन्धन कार्यालय देवघर से निबन्धित एक कीता आम मोख्तार नामा दलील संख्या 64 वर्ष 2002 के द्वारा सक्षम हैं।

500Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०० रु.

Rs 500

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच सौ रुपये FIVE HUNDRED RUPEES

केता–श्री दशरथ यादव पिता स्वर्गीय जीतु यादव, जाति ग्वाला,पेशा कास्तकारी आदि, साकिन टिटिहियांबांक, थाना व सवडिविजन मधुपुर, सवरजिष्ट्री व जिला देवघर। राष्ट्रीयता–भारतीय।

लेख्य प्रकार–बिक्रय पत्र ।

सम्पत्ति की कीमत–कुल 57,000/–सनतावन हजार रूपये मात्र।

सम्पत्ति का विवरण –निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है ।

विदित हो कि जिला संथाल प्रगना, वर्त्तमान जिला देवघर, सवडिविजन व सवरजिष्ट्री देवघर, हाल सवडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल,सामील मौजा पथरचपटी महल्ला मीना बाजार के अन्दर बसौड़ी सत्व की जमीन, रकवा 12 बारह कटठा यानि 80.30 वर्गमीटर कमबेसी,

100Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. | Rs 100

सत्यमेव जयते

भारत

एक सौ रूपये ONE HUNDRED RUPEES

10.1.04

तदुपरिस्थित पुराना गैरमरम्मत मकानादि जो ''अनुपम कुटीर'' के नाम से जाना जाता है, जिसका वार्षिक खजाना 16.50 रूपये,अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 4, होल्डिंग न0 54, के नन्द किशोर बसु और उनके भाई काली शंकर बसु पिता शैलज कुमार बसु, साकिन परमिसेस न0 119 विधान सारनी कलकत्ता–4 के निवासीगण अर्द्धांश करके यानि समान अंशो में इजमाल रूप से मालिक व दखलकार रहते हुए निर्विवाद रूप से भोग दखल करते रहें।

उपयुक्त काली शंकर बसु दयाभाग स्कुल ऑफ स्कुल औफ हिन्दु लॉ से शासित रहते हुए दिनांक 13/1/1982 ईस्वी में अपने पीछे विधवा पत्नी श्रीमती आरती बसु तथा एकमात्र पुत्री श्रीमती जयती चक्रवर्त्ती को अपना कानुनी उत्तराधिकारी व वारिसान छोड़कर स्वर्गवास कर गये जो दोनों उक्त मधुपुर की सम्पत्ति में उपयुक्त नन्दकिशोर बसु के साथ अर्द्धांश के मालिक व दखलकार हुए।

100 Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs. 100

सत्यमेव जयते

भारत

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

दिनांक 24/2/1984 ईस्वी में रजिष्ट्रार ऑफ एसुरेन्सेस कलकत्ता से निबन्धित एक कीता दान पत्र दलील पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 296, पृष्ठ संख्या 158 से 165 में निबन्धित जिसकी संख्या 2258 वर्ष 1984 के द्वारा उपर्युक्त श्रीमती आरती बसु और श्रीमती जयती चक्रवर्त्ती ने उक्त सम्पत्ति के अन्दर बिना बंटवारे का अपना अर्द्धांश सम्पत्ति को समीर कुमार बसु पिता नन्द किशोर बसु साकिन न0 119 विधान सारनी कलकत्ता–4 और समर कुमार बसु पिता नन्द किशोर बसु साकिन न0 582 दखिन्दरी रोड कलकत्ता–700048 के निवासी के पास दान कर देने पर उपयुक्त समीर कुमार बसु और समर कुमार बसु उक्त सम्पत्ति के अन्दर उपर्युक्त नन्दकिशोर बसु के साथ, अर्द्धांश के मालिक व दखलकार हुए।


उपर्युक्त नन्दकिशोर बसु ने दिनांक 5/2/1988 ईस्वी में निबन्धन कार्यालय कलकत्ता से निबन्धित एक कीता दान पत्र दलील पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 56, पृष्ठ संख्या 1 से 13 में निबन्धित जिसकी संख्या 1214 वर्ष




1988 के द्वारा उक्त सम्पत्ति रकवा 12 बारह कटठा यानि 80.30 वर्गमीटर कमबेसी तदुपरिस्थित ''अनुपम कुटीर ''नामक मकानादि के अन्दर बिना बंटवारे का अपना अर्द्धांश यानि रकवा 6 छौ कटठा यानि 40.15 वर्गमीटर मयकुल हक हकुक उपयुक्त मुझ बिक्रेता श्री समर कुमार बसु के हक दखल में दान कर दिया।

उपर्युक्त समीर कुमार बसु ने दिनांक 18/6/1988 ईस्वी में निबन्धन कार्यालय कलकत्ता से निबन्धित एक कीता दान पत्र दलील पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 168, पृष्ठ संख्या 317 से 340 में निबन्धित जिसकी संख्या 6773 वर्ष 1988 के द्वारा, उक्त सम्पत्ति रकवा 12 कटठा यानि 80.30 वर्गमीटर कमबेसी तदुपरिस्थित ''अनुपम कुटीर '' नामक मकानादि के अन्दर बिना बंटवारे का अर्द्धांश यानि रकवा 6 छौ कटठा यानि 40.15 वर्गमीटर में से बिना बंटवारे का अपना अर्द्धांश यानि रकवा 3 तीन कटठा यानि 20.7½ वर्गमीटर मय कुल हक हकुक उपर्युक्त मुझ बिक्रेता श्री समर कुमार बसु के हक दखल में दान कर दिया।

50 Rs.




इस तरह उपयुक्त मैं बिक्रेता श्री समर कुमार बसु उक्त सम्पत्ति रकवा 12 बारह कटठा यानि 80.30 वर्गमीटर कमबेसी तदुपरिस्थित ''अनुपम कुटीर'' नामक मकानादि, अन्दर थोका न0 57ए0, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 4, होल्डिंग न0 54 के वावत वार्षिक मालगुजारी व टैक्स आदि आदाय काते हुए आजतक वहैसियत पुर्ण मालिक निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हुँ।

अभी मुझ बिक्रेता को अपने आवश्यक सांसारिक खर्च के लिये रूपये की सख्त जरूरत है, इसलिये उक्त सम्पत्ति के अन्दर रकवा 2810 वर्गफीट जिसका पुर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है को बिक्री करने का ऐलान किया।

आप क्रेता इसे अभी के बाजार भाव की दर से अधिकतम कीमत पर खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्ष की मंजुरी से इसकी कीमत कुल 57,000/–सनतावन हजार रूपये कायम हुए ।

20 Rs.




अतएव आज तारीख में बिकेता आप केता से कीमत के कुल रूपये लेकर निम्न अनुसूची सम्पत्तिं में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक, आप केता के पास बिकी कर दिया ओर आपके दखल कब्जे में दिया।

अब आप केता, मुझ बिकेता के सत्व व दखल से सत्ववान व दखलकार होकर मय अपने पुत्र पैात्रादि वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग, दखल, दान, बिक्री, मोरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने का अधिकारी होकर स्वेच्छा पुर्वक भोग दखल करते रहें, इसमें मुझ बिकेता मय वारिसान को किसी भी तरह की उज्र आपत्ति नहीं होगी न कोई कर सकेगा। अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

निम्न बिकीत सम्पत्ति का मैं बिकेता ही मालिक हूँ, इसमें दुसरा कोई अंशदार या दखलकार नही है व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय–सयुंक्त या हस्तान्तरण आदि नहीं किया हूँ। हर तरह से साफ व पाक है।

10 Rs.




निम्न बिकीत सम्पत्ति के संबंध में अगर भविष्य में, मुझ बिकेता मय वारिसान को कुछ लिखना या करना पड़ेगा तो ऐसी स्थिति में, आप केता मय वारिसान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने को तैयार रहूँगा।

अतएव आज तारीख मैं बिकेता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे कीमत के कुल रूपये लेकर यह विक्रय पत्र लिख दिया जो प्रमाण रहें दिनांक 10·1·2004

## अनुसूची सम्पत्ति

थाना नं0 271 जिला व सवरजिष्ट्री देवघर, सवडिविजन व थाना मधुपुर, सामिल मौजा पथरचपटी महल्ला मीनाबाजार के अन्दर बसौड़ी सत्व की जमीन, रकवा 2810 वर्गफीट दो हजार आठ सौ दस वर्गफीट, अन्दर थोका न0 57ए0 अन्दर हलका मधपुर नगरपालिका वार्ड नं0 4, होल्डिंग न0 54 का अंश, जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक बिकी किया जिसकी चौहद्दी ---

उत्तर–बिकेता की जमीन।

इधर की माप 74'–06'' फीट।

दक्षिण–गली।

इधर की माप 66'–00'' फीट।

पुरब–4'–00'' फीट चौड़ी गली बाद उसके राधा रमण घोष की जमीन व मकान।

इधर की माप 40'–00'' फीट।

पश्चिम–रोड। कच्चा रोड।

इधर की माप 40'–00'' फीट।

घोषणा–उक्त बिकीत सम्पत्ति पक्की सड़क से 131 फीट से अधिक दुरी पर है। निर्धारित मुल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है ।

गवाहान

1. Binod yadav.
Vill - Tikhiya bag
P.O. - Madhupur
Dist - Deoghar.
Date - 10.1.004

2. Kashi Ram Das
Vill. Bara Sanghara
P.O. Madhupur
Dist - Deoghar
Dtd. 10-01-04

दस्तावेज पढ़कर क्रेता को सुना व समझा दिया
प्रारूपकर्ता सीताराम पंडित
डीडराइटर देवघर
10.1.2004